# भावांतर भरपाई योजना

## चर्चा में क्यों?

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य अब **आलू उत्पादकों को [भावांतर भरपाई योजना](#) का** लाभ देगा। यह निर्णय **किसानों को मूल्य में उतार-चढ़ाव से बचाएगा और आवश्यक वित्तीय सहायता सुनिश्चित करेगा।**

## मुख्य बिंदु

- **वित्तीय सहायता का वितरण:**
  - सरकार ने इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2023-24 के लिये **किसानों को 46.34 करोड़ रुपए की राशि सफलतापूर्वक वितरित की है।**
- **भावांतर भरपाई योजना के बारे में:**
  - हरियाणा सरकार ने बाज़ार मूल्य में गिरावट के कारण **किसानों को होने वाले वित्तीय नुकसान से बचाने के लिये यह योजना शुरू की।**
  - इस योजना में **21** [बागवानी फसलें](#) शामिल हैं:
    - 5 फल फसलें
    - 14 सब्ज़ी फसलें
    - 2 मसाला फसलें
- **वर्तमान पंजीकरण और सहायता:**
  - इस योजना के तहत 3,15,614 किसानों ने 7,02,220 एकड़ भूमि पंजीकृत कराई है।
  - सरकार ने 24,385 किसानों को 110 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की है।
- **आलू किसानों के लिये सलाह:**
  - किसानों को सलाह दी गई है कि यदि बाज़ार में आलू की कीमतें गिरती हैं तो वे अपनी उपज और आय की सुरक्षा के लिये **अपनी आलू की फसल को कोल्ड स्टोरेज में रखें।**
- **प्रक्रिया:**
  - किसानों को अपनी फसल का पंजीकरण **"[मेरी फसल मेरा ब्योरा](#)" पोर्टल पर अवश्य कराना होगा।**
  - बागवानी विभाग लाभ ज़ारी करने से पहले विवरणों का सत्यापन करता है।
  - इस योजना में भूस्वामियों, पट्टेदारों और किरायेदारों को शामिल किया गया है, जिससे किसानों को व्यापक समर्थन सुनिश्चित हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/building-compensation-scheme